संक्षिप्त

सचिन पायलट का जन्म दिवस 7 को

दौसा। कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट के 47वें जन्म दिवस के अवसर पर 7 सितंबर को दौसा में राजेश पायलट स्मारकए जीरोता पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में रक्तदान शिविर और वृक्षारोपण की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन सचिन पायलटए सांसद मुरारी लाल मीणाए और भरतपुर सांसद संजना जाटव द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजगढ विधायक मांगीलाल मीना, पूर्व प्रधान डीसी बैरवा, ब्लॉक अध्यक्ष हेमराज अवाना, सेवादल के पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश गोठवाल, उमाशंकर बनियाना, मोइन खान, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विजेंद्र गुर्जर, रोहिताश बंसीवाल, हेमराज सिंह बैरवाए और कृष्णा जीरोता सहित कई अन्य प्रमुख नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में रक्तदान के महत्व को बढावा देना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। यह आयोजन पायलट के सामाजिक कार्यों को सम्मानित करने और उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए किया जा रहा है।

'पेड़ों में देवों का वास होता है'

आमेर । उपखंड क्षेत्र के खोरा मीणा में आज प्राणवायु की निरंतर होती कमी को देख कर आभास होता है कि पेड़ हमारे जीवन हेतु कितने आवश्यक हैं। भारतीय संस्कृति में पेड़ों में देवों का वास बताया गया है और प्रकृति को मां का दर्जा दिया गया है। पेड़ों के बिना मानव जीवन की कल्पना अधूरी है। आज हमारे गांव खोरा मीणा के सरकारी विद्यालयों, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खोरा मीणा राजकीय प्राथमिक विद्यालय खानियावाला राजकीय प्राथमिक विद्यालय कांकरेल राजकीय प्राथमिक विद्यालय तलाई स्टेंड राजकीय प्राथमिक विद्यालय चककोठिया में लगभग 751 पौधे, बिल, जामुन , सीताफल, मीठा नीम आदि बच्चों को वितरित किए गयेइसी क्रम में खोरामीणा जनपरिवर्तन सोसायटी के अध्यक्ष बाबूलाल जी मीणा, सचिव शिवपाल मीणा, रामनारायण मीणा, उपाध्यक्ष कालूराम चांदोलिया ने जो वृक्षारोपण कार्यक्रम की मुहिम छेड़कर समर्पित भाव से ग्राम विकास हेतु तत्परता प्रदर्शित की है यह निश्चित ही प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय है।

चोरी के कैमरे बरामद

दूदू। मोजमाबाद पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन नयावास गांव में स्थित बालाजी मंदिर में गत तीन दिन पूर्व लगे सीसीटीवी कैमरे ले जाने के प्रकरण में पुलिस ने कार्रवाई कर कैमरा चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर कैमरे बरामद किए। उप पुलिस अधीक्षक दीपक खंडेलवाल ने बताया कि 1 सितंबर को राकेश कुमावत ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवा कर अवगत कराया की 30 अगस्त की रात को बालाजी मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे ले गये । पुलिस थाने में दर्ज रिपोर्ट के बाद टीम गठित की जाकर आरोपी की तलाश शुरू की । इस दौरान आरोपी विष्णु प्रसाद यादव को गिरफ्तार कर चोरी किए गए सीसी टीवी कैमरे बरामद कर लिए। थाना प्रभारी संजय मीणा ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

गणेश महोत्सव 6 सितम्बर को

टोंक। गणेश महोत्सव के कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रभु बाडोलिया एवं समस्त आनंदम समिति अध्यक्ष भगवानदास गुर्जर ने बताया हजारो श्रद्धालुओं के वितरण के लिए प्रसाद की तैयारी को लेकर भट्टी पूजन कर एंव हलवाइयों का तिलक लगाकर एंव माला पहनाकर विधि विधान से पूजन कर शुरुआत की। गणेश महोत्सव 2024 स्नेहिल स्वर्जन श्री राम (दूधिया बालाजी आश्रम) के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित दिनांक 6 सितंबर को होने जा रहा है जो अन्नपूर्णा गणेश मंदिर में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जलदाय मंत्री राजस्थान सरकार कन्हैयां लाल चौधरी होगे।

अस्थाई अनुज्ञा पत्र के आवेदन आमंत्रित

टोंक। दीपावली के पर्व पर जिले में विस्फोटक आतिशबाजी के अस्थाई अनुज्ञा पत्र 19 अक्टूबर से 3 नवंबर की अवधि के लिए जारी किए जायेंगे। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि विस्फोटक नियम के तहत आवेदकों द्वारा निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर है। एडीएम ने बताया कि आवेदक अपना आवेदन पत्र आवक अनुभाग कलेक्ट्रेट, टोंक में प्रस्तुत करें। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र के साथ प्रस्तावित स्थल का ब्ल्यू प्रिंट की 4 प्रतियां, आसपास के व्यवसायिक स्थल की स्थिति एवं पासपोर्ट साईज की 2 नवीनतम फोटो संलग्न करें।

सांसद व विधायक ने विकास कार्यों का शिलान्यास किया

पावटा । विराटनगर विधानसभा क्षेत्र मे सांसद व विधायक ने विकास कार्यों शिलान्यास व लोकार्पण-किया।

इस दौरान मंगलदास महाराज के सानिंध्य व जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य, क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड की अध्यक्षता एवं पावटा प्रधान पूजा चौधरी, पूर्व सरपंच जगन चौधरी, भाजपा वरिष्ठ नेता रामनिवास यादव, मुखराम धनकड, आशीष धनकड, मंडल अध्यक्ष प्रकाश राठी, जयराम सिंह, अनिल शर्मा सहित जन प्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिको एवं भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ के विशिष्ट आतिथ्य विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में योजना से बनी सडकें व पेयजल योजना कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास समारोह पूर्वक संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया।

विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

इस दौरान जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह व विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड स्वागत रैली द्वारा जनता के बीच पहुंचे जहाँ क्षेत्र की जनता ने पूरे जोश व उत्साह के साथ माला व साफा पहनाकर, पुष्प वर्षा कर, आतिशबाजी करते हुए डोल नगाडों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद जनप्रतिनिधियों व आगंतुक अतिथियो ने गाँव कल्याणपुरा (शिव मंदिर से) जोधपुरा (किशोर नेहरा की ढाणी) सडक निर्माण का शिलान्यास, गाँव कल्याणपुरा (जोधपुरा) में जल जीवन मिशन योजनांतर्गत पेयजल योजना का लोकार्पण, दादाकाबास (चौबाला) में जल जीवन मिशन योजनांतर्गत पेयजल योजना का लोकार्पण, मंढा (संतोषी सडक से) भोमियाँ जी होते हुए प्रेमनगर सडक निर्माण का शिलान्यास, ?संतोषी सडक (कैरोडी) से प्रधान मैरिज गार्डन, कैरोडी में सडक निर्माण का शिलान्यास, भोजावास (वीरतेजाजी नगर) में जल जीवन मिशन योजनांतर्गत पेयजल योजना का लोकार्पण, सितोपसिंह पुरा (वीरतेजाजी नगर) से स्वामियों की ढाणी, कैमरिया (तुलसीपुरा) वाया बावरियों की ढाणी सडक निर्माण का शिलान्यास व लोकार्पण किया। जिसे लेकर क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने कहाँ कि क्षेत्र के विकास के साथ लोगों की सेवा करना ही मेरी पहली प्राथमिकता है। विधानसभा क्षेत्र के सभी जर्जर एवं कच्ची सडकों का कायाकल्प किया जाएगा। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही हमारा एकमात्र लक्ष्य है। कोई भी गांव विकास की रोशनी से अछूता नहीं रहेगा। सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों के लोगों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खडे हर व्यक्ति का समुचित विकास कर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना मेरा लक्ष्य है।

- **जब तक गांव का विकास नहीं होगा तब तक हमारे देश का विकास नहीं हो सकता : राजेंद्र सिंह**

अस्पताल में अव्यवस्थित पार्किंग

पावटा। पजिला अस्पताल पावटा में पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण मरीजों व उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। अस्पताल परिसर में दो पहिया और चार पहिया वाहन बिना किसी नियम के इधर-उधर खडे रहते हैं। ऐसे में गंभीर स्थिति में आने वाले मरीजों की जान जोखिम में पड जाती है। इमरजेंसी के गेट पर खडीं होने वाली बाइकें भी मरीजों के लिए परेशानी का सबब बन रही हैं। अस्पताल में पार्किंग व्यवस्था की कमी से इमरजेंसी सेवाओं पर भी इसका गंभीर असर पड रहा है। इमरजेंसी के गेट पर भी बाइकें खडी रहती हैं। जिसकी वजह से बाहर से मरीजों को लेकर आने वाली एबुलेंस के लिए जगह नहीं मिलता है। जिससे गंभीर रूप से बीमार मरीजों व सडक दुर्घटना में घायल मरीजों को समय से इलाज नहीं मिल पाता है।

भाजपा सदस्यता अभियान में टोंक जिले का नाम रोशन होगा : मेहता

टोंक । भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल एवं टोंक जिलाध्यक्ष अजित सिंह मेहता ने 3 सितम्बर को टोंक सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया। इस अभियान के सयोंजक सुनील जैन, सह सयोंजक रमेश गढ्वाल व गौरव चारण ने प्रदेश महामंत्री का दुप्पटा पहनाकर स्वागत किया। प्रदेश महामंत्री गोठवाल ने कहा की दिनांक 2 तारीख को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत ही नहीं विश्व के सबसे बड़े राजनितिक दल के रूप मे स्थापित भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेकर इस अभियान की शुरुआत की।

टोंक में भाजपा नेता जितेन्द्र गोठवाल ने प्रेस वार्ता की ।

गोठवाल ने कहा की पिछले 15 दिन से इस अभियान को लेकर व्यापक तैयारी की गई और कल दिनांक 3 सितम्बर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर ने पार्टी की सदस्यता लेकर राजस्थान मे इस अभियान का शुभआरम्भ किया है और पिछले 24 घंटे मे 3 लाख 31 हजार लोगो ने पार्टी की सदस्यता लेकर हमारी विचारधारा का समर्थन किया है, इसके लिए मे समस्त राज्य के कार्यकर्ताओ को धन्यवाद देता हूँ।

गोठवाल ने बताया की टोंक मे भी जिलाध्यक्ष अजित सिंह मेहता के नेतृत्व मे इस अभियान को लेकर काफी तैयारी की गई है, जिला स्तरीय बैठक से लेकर इस अभियान के सयोंजक बनाये गए है और टोलियो का गठन किया गया, अब हम आज से इस अभियान को मण्डल एवं बूथ स्तर पर ले जाने का कार्य करने वाले है, हमारे दल के सविधान मे प्रत्येक 6 वर्ष मे सदस्यता लेने का नियम है और इसको लेकर प्रधानमंत्री जी और हमारे नेताओं का भाव रहता है की हम पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ताओ के पास जाकर जाने की उनके मन मे पार्टी को लेकर क्या विचार है, हमारा भाव रहता है की हमारे कार्यकर्ताओ के मन मे क्या चल रहा वो जाने साथ ही हमें ये मालूम चल सके की हमारी सरकार की जन हितकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति तक पहुंच रहा है या नहीं, उन्होने कहा की जिस तरह की तैयारियां टोंक जिलाध्यक्ष अजित सिंह मेहता के नेतृत्व मे इस अभियान को लेकर की गई है और आज मे जिलाध्यक्ष मेहता के साथ स्वयं वाल्मीकी बस्ती मे इस अभियान को लेकर जा रहा हु तो मुझे पूरा भरोसा है की इस अभियान ने टोंक जिला अव्वल होगा, इस अभियान मे हम राजस्थान मे 1 करोड़ 25 लाख सदस्य बनाने जा रहे है।

'कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करें'

कोटपूतली। विधानसभा चुनाव के बाद कोटपूतली की कांग्रेस में मची उठा पटक से उभरते हुये आलाकमान ने यहां के संगठन को धीरे-धीरे जागरूक व मजबुत बनाकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के गठन व आगामी पंचायती राज एवं नगरीय निकाय चुनावों की तैयारियां तेज कर दी है।

इसी क्रम में बुधवार को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र की ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटपूतली व नारेहड़ा एवं नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक कस्बा स्थित मोरीजावाला धर्मशाला में जयपुर जिला देहात कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक गोपाल मीणा के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व विधायक रामचन्द्र रावत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के संगठन को सर्वसम्मति से गठित करने हेतु आलाकमान को प्रस्ताव भेजने एवं कोटपूतली की जनसमस्याओं के लिये आन्दोलन किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि मीणा ने कहा कि कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी के संगठन को मजबुत करें। कांग्रेस पार्टी जमीन से जुड़े कार्यकर्ता को आगे बढ़ाने का कार्य करेगी। उन्होंने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को कोटपूतली में मिली शानदार बढ़त पर आभार व्यक्त करते हुये कार्यकर्ताओं व चुनाव संचालन समिति का धन्यवाद् ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि सभी रिक्त पदों पर जल्द ही नियुक्ति होगी। कार्यकर्ताओं के हितों को दबाया नहीं जायेगा। जिला प्रभारी आर.सी. चौधरी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में कोटपूतली को जिला बनाया गया। कांग्रेस पार्टी ने कोटपूतली को बहुत कुछ दिया है। संचालन कमेटी ने जो 11 सदस्यों की कमेटी का गठन संगठन के लिये किया है। उसी के प्रस्ताव का प्रदेशाध्यक्ष द्वारा अनुमोदन करवाकर ब्लॉक कमेटियों का गठन किया जायेगा। कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजेन्द्र यादव ने संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। अध्यक्षता करते हुये पूर्व विधायक रामचन्द्र रावत ने कहा कि आलाकमान कोटपूतली के संगठन को जिला कार्यकारिणी में जगह दें।

दूसरे दिन भी जारी रहा संत का अनशन

मालपुरा (निसं)। टोडारायसिंह मे राज्य सरकार की बजट घौषणा मे स्वीकृत उपजिला स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण के लिये चिन्हित भूमि पर चल रही निस्काम गौशाला को हटाये जाने के विरोध में एकजुट हुये संत व गौभक्तो ने एसडीएम कार्यालय के सामने मंगलवार को धरना प्रदर्शन कर अनशन शुरू किया जो बुधवार को भी जारी रहा। टोडारायसिंह मे जुटे गौभक्तो व संतो ने बताया कि वो अस्पताल भवन बनाने के विरोध मे नही है। उनका विरोध उक्त स्थान से गौशाला को हटाने का है। लम्बे समय से निराश्रित व असहाय गौमाता की सेवा के लिये गौशाला का संचालन किया जा रहा है। लेकिन स्थानीय प्रशासन गौशाला को हटाकर वहां अस्पताल भवन बनाने की जिद्द पर अडा हुआ है। जिसका उन्होने विरोध कर प्रदर्शन किया। दो दिन से अनशन व धरने पर बैठे संत व गौसेवक तभी उठेगें जब उन्है प्रशासन गौशाला को कोई नुकसान नही पहुंचाने तथा यथा स्थिति मे गौशाला संचालन का लिखित मे आश्वासन नही देगा तब तक धरना व अनशन जारी रहेगा।

'हर बूथ पर 20000 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य'

दौसा। दौसा जिले में बुधवार को भाजपा सदस्यता महा अभियान 2024 का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भाजपा के संभाग प्रभारी और राज्यसभा सांसद नारायण पंचारिया ने अभियान की मुख्य बातें साझा कीं।

पंचारिया ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बूथ पर 20,000 नए सदस्य बनाने का है। वर्तमान में हर बूथ पर 10,000 सदस्य है और अब इसे दोगुना करके 20,000 करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे भाजपा का सदस्य संख्या सवा करोड तक पहुंचने का अनुमान है। उनका कहना था कि भाजपा को दुनिया की नंबर एक पार्टी बनाने के हमारे रिकॉर्ड को इस बार हम ही तोडने जा रहे हैं। राजस्थान के 6 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनावों में भाजपा को विजयी बनाने के लिए पार्टी ने योजनाओं पर काम शुरू कर दिया है। हर घर में जाकर कार्यकर्ता लोगों को राष्ट्रभक्ति और मोदी से जोडेंगे। पंचारिया ने जोर देते हुए कहा कि 2०47 में एक विकसित भारत बनाने का आ ान करेंगे और भाजपा के लिए मतदान कराएंगे।

- **'इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बूथ पर 20,000 नए सदस्य बनाने का है। वर्तमान में हर बूथ पर 10,000 सदस्य हैं और अब इसे दोगुना करके 20,000 करने का लक्ष्य रखा गया है'**

उन्होंने आरक्षण के मुद्दे पर कहा कि केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही संविधान और आरक्षण की रक्षा कर सकते हैं और कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने अंबेडकर की संसद में मूर्ति नहीं लगने दी थी। पत्रकार वार्ता में भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. प्रभु दयाल शर्मा, भाजपा जिला प्रभारी संजय नरूका, सदस्यता अभियान जिला संयोजक राजेंद्र शर्मा, जिला मीडिया संयोजक दीपक जोशी भी मौजूद थे।

प्रधानाचार्य व शारीरिक शिक्षकों में खिंची बांहे

मालपुरा (निस) राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चांदसेन मे पदस्थापित प्रधानाचार्य किशनलाल टेलर के समर्थन में उतरे मालपुरा ब्लॉक के सभी प्रधानाचार्यो ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा को ज्ञापन सौंप शारीरिक शर्मा जयमाला शर्मा पर आदेशों की अवहेलना का आरोप लगाते हुये अनुशासनात्मक कार्यवाही की मांग की।

ब्लॉक के शारीरिक शिक्षकों ने शिक्षक जयमाला को मानसिक रूप से प्रताडित करने का आरोप लगाते हुये प्रधानाचार्य किशनलाल टेलर का ब्लॉक स्तर पर होने वाले सम्मान को रद्द करने की मांग की। शिक्षा के मंदिर में नोनीहाल बच्चों को शिक्षा की राह पर चलने का संदेश देने वाले प्रधानाचार्य व युवा खिलाडी प्रतिभाओं को तरासने का कार्य करने वाले शारीरिक शिक्षकों के एक-दूजे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा आपस मे बांहे खेंच लेने का मामला संयुक्त शिक्षा निदेशक अजमेर संभाग कार्यालय तक पहुंचने का मामला आया सामने। राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ टोंक की मालपुरा शाखा के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश शर्मा,उपाध्यक्ष राकेश चौधरी सहित महेन्द्र शर्मा, हिमांशु गालव, रेणु खंगार,निखिल नामा,अक्षय शर्मा, नाथी जाट सहित बडी संख्या मे जुटे शारीरिक शिक्षको ने संयुक्त निदेशक के नाम सीबीईईओ को सौंपे गये ज्ञापन में अवगत करवाया कि प्रधानाचार्य किशनलाल टेलर द्वारा शारीरिक शिक्षिका जयमाला शर्मा को मानसिक रूप से प्रताडित करने को लेकर पूर्व में विभाग के समक्ष शिकायत दर्ज करवाये जाने पर ठोस कार्यवाही नही होने पर 23 अगस्त को जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन प्रेषित कर निष्पक्ष जांच व कार्यवाही की मांग की गई थी। जो कि जांच विचाराधीन है। ऐसे में किशनलाल टेलर को शिक्षक दिवस पर आयोजित ब्लॉक स्तरीय समारोह मे सम्मानित किया जाना न्याय संगत नही है। तो वही ब्लॉक के प्रधानाचार्यो ने सौंपे ज्ञापन मे शारीरिक शिक्षक जयमाला पर अधिकारियो के आदेशो की अवहेलना करने का आरोप लगा कार्यवाही की मांग की। जिस पर जयमाला शर्मा ने सीबीईईओ को अवगत करवाया कि जानबुझकर किशनलाल टेलर द्वारा मामले को तूल देते हुये उनकी छविं धुमिल करने का षडयंत्र रचा जा रहा है। एक महिला को मानसिक रूप से प्रताडित करने का सिलसिला नही रोका गया तो मामले की शिकायत महिला आयोग व पुलिस थाने तक भी करने पर विवश होना पडेगा। जिस व्यक्ति के विरूद्ध विभागीय जांच विचाराधीन हो उसे ब्लॉक स्तर पर सम्मानित करना नियमो के विरूद्ध है।

प्रधानाचार्य की मानसिक प्रताड़ना के विरूद्ध शारीरिक शिक्षकों ने सीबीईईओ मंजू मीणा को ज्ञापन सौंपा।

- **संयुक्त निदेशक अजमेर संभाग तक पहुंचा मामला**
- **सीबीईईओ मंजू मीणा को ज्ञापन सौंप की कार्यवाही की मांग**

सार-समाचार

'स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं'

कोटपूतली। कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में बुधवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल द्वारा विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने जिले में टीकाकरण में कम प्रगति वाले चिकित्सा संस्थान के प्रभारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीकरण करने एवं जेएसवाई व राजश्री योजना का भुगतान करने के निर्देश दिये। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि मौसमी बीमारियों को देखते हुए क्षेत्र में एंटीलार्वा गतिविधि एवं फोगिंग कार्य करवाया जा रहा है। आरसीएचओ डॉ. अरविंद अग्रवाल ने समय पर गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण एवं बच्चों के पूर्ण टीकाकरण करवाने के बारे में अवगत करवाया। डीएनओ रविकान्त जाँगिड़ ने प्रजेंटेशन के माध्यम से विभागीय योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बीसीएमओ द्वारा क्षेत्र में करवाई जा रही फोगिंग एवं एंटीलार्वा गतिविधि की जानकारी दी गई। इस दौरान जिले के समस्त प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, बीसीएमओ, सीएचसी एवं पीएचसी प्रभारी मौजूद रहे।

'किसान सीख सकेंगे उन्नत खेती के गुर'

अलवर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के तहत किसानों की क्षमता वृद्धि हेतु नॉलेज एनहांसमेंट प्रोठाम अन्तर्गत प्रथम चरण में 100 प्रगतिशील युवा कृषकों चयन कर इजरायल सहित अन्य देशों में प्रशिक्षण एवं भ्रमण हेतु भेजा जायेगा। इसके लिए किसान 10 सितम्बर तक राजकिसान साथी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उद्यान विभाग के उप निदेशक उद्यान कन्हैया लाल मीना ने बताया कि प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रदेश के 10 कृषि संभागों से कृषि एवं डेयरी में विशेष उपलब्धि के लिए पहचान बनाने वाले सम्मानित कृषकों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में किसानों को कम भूमि और कम पानी में पॉली हाउस व ऑफ सीजन में बेहतर खेती एवं पशुपालन के तरीके सीखाए जाएंगे। निर्धारित योग्यता एवं मापदण्ड को पूर्ण करने वाले जिले के किसान कार्यालय उप निदेशक उद्यान विभाग अलवर में सम्पर्क करें। उन्होंने बताया कि कृषि क्षेत्र में चयन हेतु कृषक के पास कम से कम एक हैक्टेयर कृषि भूमि का भूस्वामित्व होना आवश्यक है। कृषक विगत 10 वर्षों से लगातार अपनी कृषि भूमि पर खेती कर रहा हो, कृषक द्वारा उच्च कृषि तकनीक (संरक्षित खेती, सूक्ष्म सिंचाई, मल्चिंग, सौर ऊर्जा पम्प, ड्रोन, फर्टिगेशन, ऑटोमेशन, फार्म पौंड/डिग्गी) अपनाई जा रही हो, कृषक का कृषि विभाग द्वारा जिला/राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु चयन किया गया हो, कृषक पंचायती राज संस्था, सहकारी संस्था, वाटर यूजर एसोसिएशन, कृषि मंडी आदि में विगत 10 वर्षों में किसी पद पर रहा हो या एफपीओ का सदस्य हो, कृषक की आयु 50 वर्ष से कम हो, कृषक के विरूद्ध पूर्व/वर्तमान में संज्ञेय अपराध के प्रकरण लंबित न हो, कम से कम माध्यमिक स्तर की शैक्षिणक योग्यता धारक हो, कृषक के पास वैध पासपोर्ट हो। इसी प्रकार दुग्ध उत्पादक/पशुपालन क्षेत्र में चयन हेतु कृषक वास्तविक रूप से कम से कम 20 गाय/भैंस की डेयरी या 10 ऊंट या 50 भेड/बकरी का स्वामित्व रखता हो, कृषक विगत 10 वर्षों से डेयरी या पशुपालन के पेशे से जुडा हो।

डीजल चोरी करने का आरोपी पकड़ा

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के द्वारा चलाये गये अपराधियों की धरपकड विशेष अभियान के निर्देशन में वृताधिकारी निवाई मृत्युजंय मिश्रा एवं थानाधिकारी निवाई हरिराम वर्मा ने विशेष दल का गठन कर कस्बा निवाई व एनएच 52 बाईपास निवाई पर खडे वाहनों से डीजल चोरी करने वाली गैग के एक सदस्य उगमता उर्फ राहुल पुत्र रामस्वरूप उर्फ गोपाल जाति मोग्या उम्र 24 निवासी हिगौटिया हाल पांचकुआ कच्ची बस्ती निवाई को डीजल चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी निवाई हरिराम ने बताया कि बालाजी रेस्टोरेन्ट निवाई बाईपास के बाहर खडे वाहनों से डीजल चोरी करने वाली गैग ने करिबन 500 लीटर डीजल चोरी कर गैग के आरोपियों की तलाश शुरू करने पर पूर्व में भी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी उगमता उर्फ राहुल मोग्या से पूछताछ के दौरान उसने चोरी/लूट/नकबजनी जैसी वारदात को गैग के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर करना स्वीकार किया। पूर्व में भी इसके खिलाफ चोरी व नकबजनी के कई प्रकरण अलग-अलग जगह दर्ज है।

नगर परिषद वार्ड 17 के चुनाव स्थगित

दौसा । दौसा नगर परिषद के वार्ड 17 के आगामी चुनाव को 5 सितंबर के लिए स्थगित कर दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एसडीएम ने यह निर्णय लिया। इस सूचना के बाद सांसद मुरारी लाल मीणा और कांग्रेस कार्यकर्ता आक्रोषित हो गए और कलेक्ट्रेट जाकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सांसद मुरारी लाल मीणा ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह प्रजातंत्र का गला घोंट रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को यहां जमानत जब्त होती और आगामी डेढ महीने बाद विधानसभा उपचुनाव भी होने वाले हैं। उनके अनुसारए भाजपा ने हार की संभावना को देखते हुए चुनाव स्थगित करवाए हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामजीलाल ओड ने भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा माहौल बिगाड रही है और उनकी गुंडागर्दी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस मीडिया प्रभारी उमाशंकर बनियाना ने बताया कि इसके विरोध में सभी कांग्रेस कार्यकर्ता गुरुवार को सुबह 10० बजे शहीद स्मारक पर जाकर गिरफ्तारियां देंगे। यह प्रदर्शन भाजपा के खिलाफ उनके विरोध और आक्रोश को व्यक्त करने का एक तरीका होगा।

शिक्षक सम्मान समारोह आज

दौसा । स्कूल क्रांति संघ के तत्वावधान में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन 5 सितंबर को सुबह 11 बजे राष्ट्रीय बाल शिक्षण केंद्र पीजी कॉलेज के पीछे फलसा वाले बालाजी के पास किया जाएगा। तहसील अध्यक्ष मनोज हरितवाल ने बताया कि इस अवसर पर जिले के शिक्षाविदों का सम्मान किया जाएगा। जिला प्रभारी सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने पर सेवानिवृत्त शिक्षाविदए सेवारत शिक्षाविद एवं निजी क्षेत्र के संचालक जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में दौसा का नाम अग्रणी किया उनका सम्मान किया जाएगा। जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र बोहरा ने बताया कि इस अवसर पर पूर्व विधायक शंकर शर्मा दौसा, आईएएस सुमेरसिंह गुर्जर ;प्रमुख शासन सचिव पंजाब सरकार, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ पी डी शर्मा, आरपीएससी के पूर्व सदस्य विनोद बिहारी शर्मा, लोकेश शर्मा ;संयोजक कार्यालय निर्माण समिति भाजपा, मंजू सीताराम मीणा ;शहर अध्यक्ष महिला कांग्रेस दौसा, कल्पना जैमन ;उप सभापति नगर परिषद, समाजसेवी संजय खंडेलवाल, स्कूल शिक्षा परिवार के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, स्वयंसेवी शिक्षण संस्था संघ के जिला अध्यक्ष देवी सहाय शर्मा कार्यक्रम में अतिथि होंगे।

निःशुल्क कृत्रिम अंग मिलेंगे

कोटपूतली। दिव्यांगजनों के लिए एडिप योजना के तहत कृत्रिम अंग निःशुल्क प्रदान करने के लिए लिए शिविर लगाया जाएगा। शिविर में आने वाले दिव्यांगों को कोई परेशानी ना हो इसके लिए ऑन द स्पॉट जांच की सुविधा रहेगी। इस शिविर का आयोजन आशान्वित ब्लॉक नीमराना में 5 सिंतबर को होगा। इसमें दिव्यांगों को कृत्रिम अंग भी उपलब्ध कराया जाएगा। दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराया जाएगा कृत्रिम अंग - जिला समाज कल्याण अधिकारी रमेश दहमीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि एसआर ट्रस्ट रतलाम के द्वारा एडिप योजना के तहत दिव्यांगजन को ऑन द स्पॉट निःशुल्क जांच एवं वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह संस्था भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) कानपुर के सहयोग से दिव्यांगजनों को उच्च कोटि का कृत्रिम हाथ, कृत्रिम पैर एवं कैलीपर इत्यादि उपकरण निःशुल्क प्रदान करेगी। इस शिविर में जांच के साथ ही उसी दिन कृत्रिम अंग और कैलीपर प्रदान किया जाएगा।